हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 23 जुलाई 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



04 आरोपपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया 6 लाख रुपए...



07 स्मार्ट मीटर पर फूटा जनाक्रोश, आम...




### जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर चल रहे धार्मिक प्रवचन

# दुनिया से जाने से पहले जीवन के अर्थ को समझ लेना, नहीं तो यह जीवन व्यर्थ हो जाएगा : रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रमाद ही हमारी आत्मा का दुश्मन है, क्षण भर का प्रमाद (आलस्य) भी हमारा बहुत बड़ा नुकसान कर सकता है। यह दुनिया से जाने के पहले जीवन के अर्थ को समझ लेना, नहीं तो यहां जीवन व्यर्थ हो जाएगा।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा. ने मंगलवार को जैन आराधना भवन में उपस्थित समाज जनों के समक्ष उत्तराध्ययन सूत्र का वाचन करते हुए यहां विचार व्यक्त किये। साध्वी ने कहा कि समय कितना मूल्यवान है, समय की बहुत बड़ी कीमत होती है। बातों ही बातों में हम प्रतिदिन कितना ही समय व्यर्थ में गवा देते हैं, लेकिन परमात्म भक्ति और धर्म आराधना, साधना के लिए हमारे पास समय नहीं है। प्रतिदिन बैठकर हम अपने जीवन का लेखा-जोखा करें कि हमने 24 घंटे में कितना समय धर्म आराधना में लगाया है। जो समय निकल गया वहां वापस लौट कर आने वाला नहीं है।



साध्वी ने कहा कि धर्म स्थलों पर हम अपने अनुसार समय के साथ पहुंचते हैं, लेकिन अन्य स्थानों पर जहां हमारा हित या लाभ होता है वहां समय से पूर्व ही पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस जीवन का कोई भरोसा नहीं है कि कब हमारी डोर भी इस दुनिया से कट जाएगी। तीर्थंकर जैसी आत्मा भी एक क्षण का आयुष्य नहीं बढ़ा सकती है। इसीलिए जीवन में क्षण भर का प्रमाद भी हमारा बहुत बड़ा नुकसान कर सकता है। जन्म मरण का प्रश्न जब हमारे समक्ष उपस्थित होता है उस वक्त एक मिनट की कीमत भी हमें समझ में आ जाती है। इसीलिए इस दुनिया से जाने से पहले जीवन के अर्थ को समझ लेना नहीं तो हमारा यहां जीवन व्यर्थ हो जाएगा।

साध्वी ने कहा कि चातुर्मास हमारी आत्मा के कल्याण के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, चातुर्मास में प्रभु भक्ति या संसार की आशक्ति क्या चाहिए, यह हमें तय करना है। सांसारिक भौतिक सुखों के पीछे हम भाग रहे हैं, लेकिन इस संसार में सुख नहीं है। सुख चाहिए तो परमात्मा की आज्ञा को मानते हुए धर्म आराधना करें। जीवन में आशक्ति कम करोगे तो प्रभु भक्ति बढ़ेगी। साध्वी ने कहा कि संसार में पाप का बाप कोई है तो वहां लोभ है। लोभ हमारी दुर्गति का कारण भी बनता है। इस जीव ने कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां जन्म - मरण नहीं किया हो। अपने पूर्व जन्म के प्रबल पुण्योदय से यहां दुर्लभ मानव जन्म हमें मिला है। जीवन का एक-एक क्षण हमारा जा रहा है, कर्म निर्जरा का समय जा रहा है। इसके लिए हमें प्रतिदिन सामायिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम प्रवचन सुनने जाते हैं तो वहा प्रवचन के दौरान तो कम से कम हमें सामायिक में बैठना चाहिए। ताकि हमारे कर्मों की निर्जरा हो सके।

### जीवन को सही रहा दिखाए वह कल्याण मित्र होते हैं

साध्वी रत्न निधि जी ने कहा कि जीवन में हमें मित्र तो कई मिल जाएंगे लेकिन जो कल्याण मित्र होते हैं वह हमारे जीवन को व्यवस्थित कर हमारे दुर्गुणों को दूर कर सकता है। ऐसे कल्याण मित्र को ढूंढने के लिए हमें काफी मशक्कत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमारी आत्मा के अनंत उपकारी अरिहंत परमात्मा से मैत्री कर लो तो जीवन में फिर किसी अन्य से मैत्री की आवश्यकता ही नहीं होगी। क्योंकि जो हमारी आत्मा का कल्याण करें वही सच्चा मित्र होता है, इसीलिए जीवन में परमात्मा, गुरु या ऐसे कोई कल्याण मित्र बनाओ जो हमारे जीवन में परिवर्तन ला दे। साध्वी ने कहा कि परमात्मा से भौतिक संसार की सुख - सुविधाएं मांग रहे हैं। लेकिन मुक्ति पद की प्राप्ति की कामना कोई नहीं करता है। विरला ही कोई पुण्यशाली जीव होता है, जो सांसारिक सुखों को त्याग कर संयम मार्ग की ओर अग्रसर बनता है। साध्वी के उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन जैन आराधना भवन में प्रतिदिन प्रातः 9:30 से 10:30 बजे तक चल रहे हैं।

### सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होगा

## नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली गई





नलखेड़ा। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होगा। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा- 5 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। सोमवार से 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होगा। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। प्रथम दिवस सोमवार को यह कलश लाभार्थी दिनेशकुमार प्रेमचंद धूपिया परिवार के यहां प्रातः प्रवचन उपरांत ले जाया गया। जहां रात्रि 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार जाप हुए। मंगलवार को नवकार मंगल कलश शांतिलाल मनोजकुमार फाफरिया के निवास स्थान पर गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ महिलाओं ने भाग लिया। इसके पूर्व साध्वी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा फाफरिया के निवास स्थान पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना की गई। प्रभावना का वितरण किया गया। समाजजनों द्वारा रात्रि 8 बजे से सामूहिक नवकार महामंत्र जाप किए गए। बुधवार को नवकार मंगल कलश यात्रा हिम्मतमल रमेशचंद फाफरिया के निवास स्थान पर जाएगी।

# मुख्यमंत्री के बड़े भ्राता का बड़ागांव में हुआ स्वागत

नलखेड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भ्राता नारायण यादव उज्जैन का सोमवार को नलखेड़ा तहसील के नगर बड़ागांव में भाजपा के वरिष्ठ नेता व बड़ागांव नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव के निवास पर आगमन हुआ। जहां नारायण यादव का पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर बड़ागांव के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, पार्षद, पूर्व पार्षद गण व परिवार द्वारा भी यादव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मालवीय का पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही यादव को राधा कृष्ण का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।



### जिलेभर में आयोजित हुए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम

नलखेड़ा। नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के तहत 21 जुलाई को आगर मालवा में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसपी विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में चल रहे अभियान में जिले के विभिन्न थाना, चौकी क्षेत्रों में शासकीय शालाओं व सार्वजनिक स्थलों पर निबंध लेखन, पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिताओं व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। थाना नलखेड़ा में रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सीएम राइज स्कूल , सांदीपनि स्कूल की छात्राओं ने नशा जीवन का विनाश, ड्रग्स मौत की सौगात, नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, जिसने किया नशा उसकी होगी दुर्दशा जैसे विषयों पर भावनात्मक और जागरूकता से भरपूर चित्र प्रस्तुत किए।




## नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम बताकर नशा छोड़ने की शपथ दिलाई

कानड़। नशा मुक्ति अभियान के तहत पूरे प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कानड़ थाना परिसर में नागरिकों से नशे से दूर करने की समझाइए दी गई। साथ ही थाना प्रभारी राजकुमार दांगी के नेतृत्व में आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम बताए गए। नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि अपने पूरे परिवार को संकट में डाल देता है। आज हम संकल्प लेते हैं कि जीवन में नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर दुकान संचालक एवं बस एजेंट और आम नागरिक उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा निकालकर किया गया इच्छापूर्ति महादेव का जलाभिषेक



नलखेड़ा। नगर के नयापुरा स्थित राधाकृष्ण मंदिर से महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर अच्छी वर्षा की कामना के साथ इच्छापूर्ति महादेव का जलाभिषेक किया। मंगलवार को नगर के नयापुरा स्थित कसेरा समाज के श्री राधाकृष्ण मंदिर से वार्ड क्रमांक 2 व 3 की महिलाओं द्वारा इंद्र देव को मनाने व अच्छी बारिश की कामना को लेकर एक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थी। कुछ बच्चे कावड़ लिए भी चल रहे थे। कलश यात्रा गवली पुरा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर पहुंची जहाँ नगर व क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

## सावन मास में नगर में बह रही भक्ति की बयार

नलखेड़ा। सावन माह में नगर में भक्ति की बयार बह रही है। मंदिरों के साथ साथ घरों पर भी भजन कीर्तन के आयोजन हो रहे हैं। सोमवार को कामिका एकादशी पर नगर के लगभग सभी मंदिरों में पूजा पाठ के साथ ही भजन कीर्तन के आयोजन हुवे वही कई घरों में भी इस प्रकार के आयोजन हुए। घरों में ठाकुर जी व राधा रानी की आकर्षक झांकी सजा कर उन्हें पालने में झुलाया गया। इस दौरान ढोलक की थाप पर महिलाओं ने भजन गाते हुए जमकर नृत्य भी किया।



### पंचमुखी हनुमानजी का शिव स्वरूप में किया श्रृंगार

# शिव मंत्रों के उच्चारण से गूंज रहे शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सावन मास के दूसरे सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ अल सुबह से ही लग गई थी। भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा- अर्चना कर अभिषेक किए गए तो इस दौरान भक्तों द्वारा भोले के भजनों की प्रस्तुति भी मंदिरों में दी गई। मंदिर परिसर ॐ नमः शिवाय हर हर महादेव के साथ शिव मंत्रों के उच्चारण से गुंजायमान हो रहे थे।

नगर के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, जालेश्वर महादेव मंदिर लालूखेड़ी, इच्छापूर्ति महादेव मंदिर, त्रयम्बकेश्वर महादेव मंदिर सहित कई शिव मंदिरों में श्रावण मास के सोमवार को भक्तो की भीड़ उमड़ी जहां उनके द्वारा भगवान भोलेनाथ को अतिप्रिय लगने वाली वस्तुएँ बिलपत्र धतूरा नैवेध पुष्प आदि अर्पण कर हल्दी व चंदन से पूजा कर घी के दीप प्रज्वलित किए गए। कईं भक्तो द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया गया। सोमवार को गुप्तेश्वर महादेव का बाबा अमरनाथ स्वरूप श्रृंगार किया गया था। वही चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान जी का भी भोलेनाथ के स्वरूप का श्रृंगार किया गया था। जिसे निहारने के लिए बड़ी संख्या में भक्तगण मंदिर पहुंचे।








**खबर संक्षेप**

## 3 अगस्त को निकलेगी झरनेश्वर से कुलाला तक कांवड़ यात्रा

**भौरासा।** श्रावण के पवित्र माह में विभिन्न संस्थाओ द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कावड़ यात्रा निकालकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाता हैं। इसी के तहत सोनकच्छ, टोंकखुर्द, भौंरासा की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा झरनेश्वर से कुलाला तक भव्य कावड़ यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है। इस वर्ष भी यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा संयोजक तेज़ यादव ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी झरनेश्वर महादेव मंदिर से कुलाला बाबा मनकमनेश्वर मंदिर तक एक भव्य कावड़ यात्रा दिनांक 3 अगस्त रविवार को निकाली जा रही है। कुलाला में बाबा मनकामनेश्वर का जलाभिषेक किया जायेगा। इस यात्रा में भौरासा,कुलाला, बुदासा,सादीखेड़ा, संवरसी, नांदेल,कन्हेरिया सहित अन्य गांवों के महिला व पुरुष भारी संख्या में कावड़ यात्रा में शामिल होते है। कावड़ यात्रा संयोजक यादव ने आसपास के ग्रामीणजनों से कावड़ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कावड़ यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

## थ्रो बॉल एसोसिएशन की नई संस्था का गठन

**देवास।** देवास जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन की नई संस्था का गठन किया गया। मप्र एसोसिएशन सचिव नरेंद्र यादव की उपस्थिति एवं विधायक गायत्रीराजे पवार के मार्गदर्शन में देवास जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन का गठन हुआ। देवास जिला थ्रो बॉल सचिव प्रतिभा गेहलोत ने बताया कि यहाँ खेल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेला जाता है, जिसमें 7 खिलाड़ी होते हैं। एसोसिएशन में भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा को अध्यक्ष, उपाध्यक्षद्वय कृतिका निरखे, ममता श्रीवास्तव, वंदना बख्शी, मोना तिवारी, कोषाध्यक्ष मेघना पुरोहित, सहसचिव रीना पटेल, सदस्य लखन मालवीय, अजय श्रीवास्तव एवं सचिव प्रतिभा गेहलोत आदि को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर देवास जिला मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष अश्विन पगनिश, उपाध्यक्ष कुमेर सिंह वर्मा आदि रहे मौजूद।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम में जनसहयोग से लगे कैमरों में कैद हुए आरोपी

# आरोपपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया 6 लाख रुपए का मशरूका किया बरामद

पुलिस ने लूट की घटना का किया पर्दाफाश, आरोपियों का 1500 कि.मी. तक पीछा कर गोवा, जबलपुर से 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में एलआईसी एजेंट के घर हुई लूट का पुलिस ने 11 दिन में खुलासा कर दिया है। वारदात 11 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच शिखरजी धाम कॉलोनी में हुई। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और लूटे गए जेवर व मोबाइल बरामद कर लिए हैं।11 जुलाई को शिखरजी धाम निवासी हर्षराज सिंह चौहान के घर तीन युवक पहुंचे। इनमें से दो ने पॉलिसी लेने और पानी पीने का बहाना बनाया। मौका मिलते ही उन्होंने चाकू और एयरगन दिखाकर घर में घुसकर अलमारी से दो सोने के कंगन और मोबाइल लूट लिया और बाइक से भाग निकले।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र मय फोर्स के घटना स्थल पहुंचे एवं घटना का सुक्ष्मता से निरीक्षण कर उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

रिपोर्ट पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 618/2025 धारा 309(4),331(3) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लूटे गये मश्रुका की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटना स्थल के आस-पास जनसहयोग उपरान्त लगे करीब 500+ सीसीटीव्ही कैमरो का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया जिसमें आरोपी के द्वारा घटना करने पश्चात भागना कैद हुआ।

उक्त सीसीटीव्ही फुटैज को देवास पुलिस के द्वारा बनाये गये वाट्सएप कम्युनिटी ग्रुप में शेयर किया गया। सीसीटीव्ही फुटैज एवं विश्वसनीय मुखबिर तंत्र की सूचना पर से नवीन सोनी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रांरभिक पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा बताया गया कि उसने साथियों इमरान शाह,नितेश योगी के साथ मिलकर जीतसिंह चौहान जो कि एलआईसी एजेंट का कार्य करते है के घर पर लूट की घटना की योजना बनाई। घटना में प्रयुक्त हथियार (चाकू एवं एयर गन) की व्यवस्था इमरान शाह के द्वारा की गई जो कि एक बस ड्राइवर है । आरोपियो ने लूट के पश्चात दो मंगलसुत्रो को आईआईएफएल गोल्ड लोन में गिरवी रख दिया था जिस पर से आईआईएफएल गोल्ड लोन के बैंक मैनेजर शिवम पिता अनिल खत्री निवासी बड़ाबाजार देवास को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियो द्वारा एक सोने की चैन व कान के टाप्स को सराफा बाजार इन्दौर में बेच दिया था जिस पर से शम्मी पिता अशोक सोनी निवासी विद्या पैलेस बडा बांगरदा इन्दौर को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से लूटा गया सम्पूर्ण मश्रुका बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया, उनि सर्जन सिंह मीणा, नरेन्द्र अमकरे,मलखान सिंह भाटी, आर अजय जाट, लक्ष्मीकांत शर्मा, अर्पित जायसवाल थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास, प्रआर शैलेन्द्र राणा, आर नवीन पटेल थाना कोतवाली देवास,प्रआर सुरेश धाकड़ थाना टोंकखुर्द एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान,शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

## बेहरी-बागली मार्ग पर लखवाड़ा पंचायत के आरिया गांव के समीप तेंदुआ आया नजर

**सीसीटीवी में कैद हुआ तेंदुआ**




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली क्षेत्र में वन्य प्राणी की दस्तक ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। जंगलों में घट रहे वन क्षेत्र के कारण बेहरी-बागली मार्ग पर लखवाड़ा पंचायत के आरिया गांव के समीप बीती रात एक वयस्क तेंदुआ नजर आया, जिसकी तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गईं। तेंदुए की आमद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आसपास के ग्रामीणों, खासकर किसानों में डर का माहौल है। वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।गांव आरिया के समीप बेहरी रोड पर तेंदुए के दिखाई देने की घटना ने ग्रामीणों में सनसनी फैला दी है। स्थानीय किसान चतुर्भुज भाटी के अनुसार, उनका मकान और खली की दुकान सड़क किनारे स्थित है, जहां रात करीब 3:30 बजे तेंदुआ पहुंचा और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।भाटी ने बताया कि उनके दुधारू जानवर मकान के अंदर सुरक्षित रखे जाते हैं, परंतु आसपास के अन्य किसानों के मवेशी खुले में बंधे रहते हैं। इससे वन्य प्राणी द्वारा शिकार की आशंका बनी रहती है।इस वायरल वीडियो के बाद किसान हुकम सिंह टाक और कैलाश टाक सहित अन्य ग्रामीणों ने चिंता जाहिर की। उन्होंने बताया कि वर्षा नहीं होने के कारण खेतों में अभी नींदाई का काम चल रहा है और लोग देर रात तक खेतों में ही रहते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) गजानन बिरला ने बताया कि बागली क्षेत्र में एक साल में यह दूसरी घटना है जब तेंदुए की उपस्थिति दर्ज की गई है। सूचना मिलते ही विभाग की टीम को तत्काल फील्ड में भेजा गया है। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे अपने मवेशियों को रात में खुले में न रखें और सुरक्षा की व्यवस्था करें।

## नीलकंठ महादेव मंदिर में छप्पन भोग व 108 दीपक से महाआरती संपन्न



**देवास।** सावन के द्वितीय सोमवार को राजा रामनगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। छप्पन भोग अर्पण कर 108 दीपकों से महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजीव खंडेलवाल, रवि जैन, राजेश यादव, ओम जोशी, पार्षद रितु सावनेर, राखी झालानी, मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा, किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज संघवी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भगवान नीलकंठ का पूजन कर छप्पन भोग के दर्शन किए गए। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी संस्था जय गणेश द्वारा उपस्थित अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सनातन धर्म को प्रचारित करने में योगदान देने वाले भागवताचार्य अजय शास्त्री, भजन गायिका संस्कृति पगारे जोशी, गायक संजय जैन , कैलाश दुबे और राधा गोविंद धाम के संस्थापक सत्येंद्र शर्मा का भी विशेष सम्मान किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष गिरी गोस्वामी एवं पंडित आशुतोष शुक्ल का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। भक्ति संध्या के दौरान संजय जैन 'लक्खा' जी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी और कैलाश दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में भगवान शिव के कल्याणकारी मंत्रों से युक्त पत्रक भक्तों के बीच वितरित किए गए। आभार प्रदर्शन संस्था के अशोक पोरवाल ने किया।

## बच्चों को खुराक पिलाकर की अभियान की शुरुआत




**बागली।** 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक चलने वाला दस्तक सह दस्तक डायरिया अभियान का शुभारम्भ मंगलवार को ब्लाक स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर हेमन्त पटेल ने बच्चो को विटामिन ए की खुराक पिला कर किया। डॉ. पटेल ने ब्लाक की समस्त दस्तक टीम से अपील करते हुए कहा कि यह अभियान हमारे लिए सिर्फ एक गतिविधि नहीं, बल्कि हर बच्चे तक जीवन, पोषण और सुरक्षा पहुँचाने का संकल्प है। दस्तक अभियान के दौरान, नामित टीमें अपने-अपने समुदायों में प्रत्येक घर का दौरा करती हैं, तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की पोषण स्थिति, निमोनिया के लक्षण, दस्त रोग, ओआरएस की पूर्व-स्थिति, आईएफए सिरप प्रदान करना, आयु-उपयुक्त विटामिन ए देना, विकास में देरी की पहचान करना, आदि का आकलन करती हैं। इस अवसर पर बी. ई. ई. राधेश्याम चौहान, सुपरवायजर नन्दकिशोर मोहवाल, एल एच वी चित्रा कौशल , ए एन एम प्रेम वास्केल, रेखा नागर, मंजू वास्केल आदी स्वास्थ कर्मचारी उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी चलाने वाले को थाना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोशल मीडिया अंतर्गत फेसबुक पर फर्जी रुप से आईडी संचालित कर भडक़ाऊ व अभद्र संदेश प्रसारित करने की बातें सामने आ रही थी। इस संबंध में मंगलवार को जनसुनवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामला संज्ञान में लेने के बाद दोपहर में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर निगम सभापति पंहुचे जहां उन्होनें पुलिस की इस कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। फेसबुक पर पिछले कई दिनों से दर्पण देवास की एक फर्जी आईडी संचालित की जा रही थी। पिछले दिनों महापौर सहित कुछ लोगों ने कोतवाली थाने पर लिखित रुप में साक्ष्य के साथ शिकायत की थी। वहीं इस मामले को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने अन्य कांग्रेसियों के साथ फर्जी फेसबुक आईडी की शिकायत की थी। दोपहर में कोतवाली थाना पुलिस ने दर्पण देवास की फर्जी आईडी संचालित करने वाले आरोपी हर्ष वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि महापौर और कुछ अन्य आम नागरिकों ने फेसबुक आईडी को लेकर लिखित रुप से शिकायत साक्ष्य के साथ की थी। शिकायत में भडक़ाऊ संदेश, अभद्रता और महिला विशेष को लेकर अभद्र टिप्पणीयां लगातार उन फेसबुक आईडी से की जा रही है। इन आईडी के संचालक अपनी पहचान को छुपाकर किसी अन्य नाम से आईडी का संचालन कर रहे हैं। साइबर सेल के द्वारा आईपी एड्रेस को तलाश किया गया। उसके उपरांत दर्पण देवास नामक फेसबुक आईडी उसके संचालक हर्ष वर्मा है जो देवास के ही निवासी है। आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट व बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# सड़कों पर घूमते गोवंश दुर्घटनाओं का बन रहे कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



बारिश के मौसम में पनगर की सड़कों पर घूमते आवारा गोवंश सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। शासन द्वारा गोवंश संरक्षण को लेकर किए जा रहे तमाम प्रयास जमीनी स्तर पर धराशायी होते नजर आ रहे हैं। विभागों के बीच समन्वय की कमी और टालमटोल की कार्यशैली के चलते स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। नगर से लेकर हाईवे तक, आवारा पशु खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं, जो खासकर रात के समय वाहनों की चपेट में आ रहे हैं। इससे न केवल गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं, बल्कि कई गोवंश घायल या मृत भी हो रहे हैं। जमीनी हकीकत को समझने के लिए हरिभूमि के प्रतिनिधि ने प्रमुख मार्गो का निरीक्षण किया, तो यह स्पष्ट हुआ कि जिले की अधिकतर सड़कों पर आवारा गोवंश को हटाने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। केवल देवास–भोपाल मार्ग पर गोवंश को हटाने हेतु एक ₹कैटल रेस्क्यू व्हीकल₹ तैनात है, और रात्रि में पशुओं की पहचान के लिए उनके गलों में चमकने वाली पट्टियाँ लगाई जा रही हैं। इस संबंध में जब पत्रकारों ने टोल प्लाजा के राजीव मिश्रा, कॉरिडोर मैनेजर से बात की, तो उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई एमपीआरडीसी के निर्देशों के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से यह अभियान लगातार जारी है, जिसके अंतर्गत आवारा गोवंश को मार्ग से हटाकर आसपास की गौशालाओं में छोड़ा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अब आसपास की लगभग सभी गौशालाएं पूरी तरह भर चुकी हैं, जिसके कारण गोवंश को हटाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत भी करा दिया गया है, और उनके निर्देश पर अतिरिक्त गौशालाओं की व्यवस्था की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह मामला न केवल प्रशासनिक समन्वय की विफलता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि केवल कागजों पर चलने वाले प्रयासों से जमीनी सुरक्षा और गोसंरक्षण सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। जब तक सभी संबंधित विभाग मिलकर ठोस और दीर्घकालिक समाधान नहीं अपनाते, तब तक सड़कें इस खतरे से जूझती रहेंगी।

### जिंप सीईओ ने स्टॉप डायरिया कैंपेन सह दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

# दस्तक अभियान 22 जुलाई से 16 सितंबर तक होगा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में स्टॉप डायरिया कैंपेन सह दस्तक अभियान का आयोजन 22 जुलाई से 16 सितंबर तक किया जा रहा है। इसके तहत सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने जिला स्तर पर स्टॉप डायरिया कैंपेन सह दस्तक अभियान का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बावड़यिा में किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक, पार्षद उषा खत्री, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनिल तिवारी, डॉ. प्रवीण नेमा, डीपीएम कामाक्षी, उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर, डीसीएम ओप्रकाश मालवीय, बीईई सुखदेव रावत सहित क्षेत्र की सुपरवाईजर, आशा कार्यकर्ता क्षेत्र के बच्चे हितग्राही, नागरिकगण तथा अन्य संबंधित उपस्थित थे।सीईओ शर्मा ने कहा की शासन द्वारा चलायें जा रहे अभियान का उद्देश्य बाल्य कालीन दस्त रोग में जिंक एवं ओ.आर.एस. के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि उच्च कवरेज सुनिश्चित करना, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में दस्त की रोकथाम और प्रबंधन के लिए सेवा प्रदाता एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाकर गुणवत्तापूर्ण ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल अनुसार संस्था में बाल्यकाल दस्त रोग प्रबंधन करें। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकताओं से जानकारी लेकर क्षेत्र में सभी बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएं।

समुदाय स्तर पर उम्र और वजन के अनुसार जांच कर गंभीर कुपोषित और अति गंभीर कुपोषित बच्चो का चिंहाकन कर एनआरसी में भर्ती कर कुपोषण मुक्त के लिए नियमित कार्य करें। देवास जिले में किलकारी अभियान के माध्यम से भी कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त किया जा रहा है। संस्था में बनाये गये ओआरएस कार्नर को देखा और स्टॉफ से अभियान के दौरान दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ बेक ने बताया कि भारत सरकार ने निर्देशानुसार प्रदेश में स्टॉप डायरिया कैंपेन सह दस्तक अभियान का आयोजन 22 जुलाई से 16 सितंबर तक किया जायेगा। इस बार कैंपेन 2025 का नारा डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ सुनिल तिवारी ने बताया कि जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों की जांच कर माताओं को बच्चे के स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया तथा अभियान के बारे मे जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आंगनवाड़ी केन्द्र पर दस्तक सत्र आयोजित कर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अभियान में निहित सेवा प्रदायगी की जायेगी। शेष छूटे हुए बच्चों एवं नवजात शिशुओं हेतु मॉप-अप के दौरान ए.एन.एम., आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा इन बच्चों के घर-घर जाकर दस्तक सेवाएं दी जायेंगी। सत्र एवं मॉप-अप के दौरान बच्चों में बीमारियों की पहचान, आवश्यक उपचार एवं त्वरित रेफरल सुनिश्चित किया जायेगा। दस्तक दल का नेतृत्व एएनएम द्वारा किया जायेगा आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता सहयोगी की भूमिका में होंगी। अभियान के दौरान जिला और विकासखण्ड अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

# 15 दिनों तक चलने वाला राम रसोड़ा हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नेमावर रोड पर प्रतिवर्ष सावन माह में रामदेव एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर जाने वाले यात्रियों की सेवा के लिए राम रसोड़ा का आयोजन किया जाता है। जहां पर भोजन सहित अन्य सभी प्रकार की व्यवस्था निशुल्क रहती है।

मंगलवार के दिन जय बाबा भली करें समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा राम रसोड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ध्वज रैली निकाली गई जो कि बाबा रामदेवजी मंदिर पर पूजा अर्चना और नगर भ्रमण के बाद रैली रसोड़ा स्थल पहुंची जहां पर आरती कर रैली का समापन हुआ। इस दौरान पूजन कर बाबा रामदेव की आरती कर प्रसादी वितरीत कि गई।उक्त राम रसोड़ा का संचालन 15 दिनों तक होगा। यहां से गुजरने वाले सभी यात्राओं के लिए यहां पर ठहरने व भोजन कि व्यवस्था रहेगी।

## खबर संक्षेप



### जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा ने डीएम को सौंपा मांगपत्र

**ललितपुर।** अपने क्षेत्र में चहुंमुखी विकास, पक्की सड़कें-नालियां और बच्चों को पढने के लिए अच्छे विद्यालय खोले जाने को लेकर कार्य करने वाले अमर विश्वकर्मा घुटारी अब जननायक की भूमिका में पहचान बना चुके हैं। जो कि जिला पंचायत के वार्ड संख्या 8 जाखलौन क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य भी हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को एक पत्र सौंपकर कस्बा जाखलौन में बालिका इण्टर कॉलेज की स्थापना कराये जाने की मांग उठायी है। जाखलौन के चारों ओर करीब दो दर्जन से अधिक छोटे-बड़े गांव हैं और जाखलौन इसके अलावा सहरिया बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां के लोग मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करते हैं। जिलाधिकारी से यहां की भूगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये जनहित में जाखलौन में बालिका इण्टर कॉलेज खोले जाने की मांग को प्रबलता से दोहराया।

### एक दिवस प्रशिक्षण संपन्न जिला पंचायत सचिवों को दिया प्रशिक्षण

**ललितपुर ।** जिला अधिकारीअक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निदेशक, पंचायती राज, लखनऊ उ०प्र० के पत्र संख्या-5/732/2025-आर०जी०एस०ए०/06/2023 लखनऊ दिनांक 10 जून, 2025 के क्रम में पंचायत एडवॉसमेन्ट इण्डेक्स (पी.ए.आई) संस्करण 1.0 के प्रसार एवं पी.ए.आई संस्करण 2.0 के क्रियान्वयन हेतु जिला वैलिडेशन कमेटी के सदस्यों एवं टॉप एवार्डि ग्राम पंचायतो के प्रधान सचिव के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों / कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सभागार जिला पंचायत राज कार्यालय ललितपुर में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधकारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र में सरस्वती जी पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि (पी.ए. आई) पंचायत एडवांसमेन्ट इंडैक्स का डाटा ग्राम पंचायत द्वारा भरा जायेगा जिसे संविन्धत विभाग ब्लॉक स्तरीय अधिकारी द्वारा सत्यापित कर अग्रसारित करने पर जिला स्तर समिति द्वारा अग्रसारित किया जायेगा। साथ ही विभागों से संविन्धत प्रश्नावलियों के विस्तृत जानकारी एवं पिछले वर्ष की प्रगति ऑनलाईन दिखाई गई। एवं समस्त प्रतिभागियों को (पी.ए.आई) पंचायत एडवांसमेन्ट इंडैक्स विस्तृत जानकारी दी गई।

ललितपुर में "सत्याग्रह" की राह पर आम जनता, बिजली का बिल दे रहा जोर का झटका

# स्मार्ट मीटर पर फूटा जनाक्रोश, आम उपभोक्ताओं की जेब पर डाला डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में इन दिनों बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर आम जनता में भारी आक्रोश है। बिना सहमति और बिना पारदर्शिता के लगाए जा रहे इन मीटरों ने गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर डाला है। कई मोहल्लों में ऐसे परिवारों को 2 से 5 हजार रुपये तक के बिल थमाए गए हैं, जिनके घरों में मात्र एक बल्ब और पंखा चलता है

। इन्हीं परिस्थितियों में मंगलवार को ₹स्मार्ट मीटर सत्याग्रह₹ नामक शांतिपूर्ण अभियान की शुरुआत की गई, जिसके तहत जनपद के दर्जनों नागरिकों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को एक मार्मिक प्रार्थना पत्र सौंपा। इस पत्र में स्मार्ट मीटर योजना की तकनीकी त्रुटियों, मानकहीन इंस्टॉलेशन, और विशेष उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने की शिकायतें दर्ज की गई हैं।

**खास बातें**

- ब्लैक लिस्टेड कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर उठे सवाल
- युवाओं ने जनहित में डीएम को सौंपा गया जनपत्र



**प्रमुख आरोप व तथ्य**

*जिन उपभोक्ताओं को विभागीय अधिकारी चहेता मानते हैं, सिर्फ उन्हीं के घरों में उच्च गुणवत्ता की वायरिंग और सुरक्षा उपकरण लगाए जा रहे हैं, जबकि आम नागरिकों को अधूरी और असुरक्षित व्यवस्था दी जा रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि जिस कंपनी को देश के कई राज्यों (जैसे गोवा) में ब्लैकलिस्ट किया गया, वही कंपनी ललितपुर में कार्यरत है। जनता ने यह ठेका प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए हैं। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर में रातों-रात यूनिट बढ़ जाते हैं, भले ही उनके घर में कोई लोड न हो। यह दर्शाता है कि मीटर की गणना प्रणाली प्रथम दृष्टया संदिग्ध है।*

**क्या बोले आंदोलनकारी?**

सत्याग्रह में शामिल एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि बेटा हमारे घर तो दो बल्ब ही हैं, फिर 3200 का बिल कैसे आया? मीटर तो हमें गरीब बना देगा। वहीं आंदोलनकारी विकास झां ने कहा कि अगर मीटर स्मार्ट है, तो ये जनता को क्यों बेवकूफ बना रहा है? कोई पारदर्शिता नहीं, कोई तकनीकी समर्थन नहीं। अब जनता सड़कों पर उतरेगी। मांगें स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष तकनीकी जांच, ठेका देने की प्रक्रिया की पारदर्शिता, जबरन प्रीपेड मीटर थोपने पर रोक, जनता के साथ सीधा संवाद, जांच पूरी होने तक इंस्टॉलेशन पर अस्थायी रोक की मांग उठायी गयी।

**प्रशासन से अपेक्षा**

जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में आंदोलनकारियों ने विश्वास जताया है कि प्रशासन जन भावनाओं को समझेगा और इसे केवल तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि जन-आधारित सामाजिक संकट के रूप में देखेगा। यदि प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाता, तो ₹स्मार्ट मीटर सत्याग्रह₹ को जनांदोलन का रूप देने की चेतावनी भी दी गई है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** जिले के किसानों को खरीफ की फसल सिंचाई के लिए समुचित निर्बाध विद्युत, यूरिया और खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने लामबंद होकर एक ज्ञापन प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित कर प्रशासन के जरिए भेजा है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में भेजे गये इस ज्ञापन के जरिए किसानों के हितों की रक्षा के लिए मांगों को समय रहते पूरा करने की बात कही गयी। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कांग्रेसियों ने बताया कि खरीफ फसल की बुवाई चल रही है। किसानों को इस फसल के लिए यूरिया, खाद और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की अत्यन्त आवश्यकता है। कहा कि सत्ता में आने से पहले भाजपा ने चुनावी संकल्प पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली एवं उनकी आय दोगुनी करने का वायदा किया था, लेकिन आज यह वायदा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। कहा कि उत्तर प्रदेश



डीएम अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर बात रखते आंदोलनकारी

में डबल इंजन की सरकार मुफ्त बिजली देना तो दूर बिजली आपूर्ति की कमी के चलते किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी नहीं पा रहा है और खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। किसान यूरिया और सिंचाई के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा है और यूरिया व खाद के लिए किसान सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर कालाबाजारी के चलते इस उमस भरी गर्मी में पूरा दिन लाइन में खड़े होकर औने-पौने दामों पर खरीदने को विवश होना पड़ता है। बताया कि प्रदेश का अन्नदाता किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। भाजपा की दोहरी नीति के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती है और किसानों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और किसानों के हितार्थ संघर्ष को प्रतिबद्ध है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, अजय प्रताप सिंह तोमर, रामनरेश दुबे, नेहा, ऊदल सिंह चन्देल, रफीक अली, जगभान सिंह बुन्देला, खलक सिंह राजपूत, बहादुर सिंह राजपूत, संजीव कुमार चौरसिया, गजेन्द्र सिंह सहित अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।

इंस्ट्राग्राम पर फोटो डालकर बदनाम करने का भी आरोप

## पत्नी ने पति व उसके दोस्त पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी करीब 10 वर्ष पहले थाना जाखलौन के ग्राम जीरोंन निवासी अरविन्द के साथ सम्पन्न हुयी थी।

शादी के बाद उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था और अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। आरोप है कि शादी के करीब 2 वर्ष बाद उसे पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया, तब से लेकर अब तक करीब 9-10 वर्ष से वह अपने मायके में निवासरत है, लेकिन उसका पति उसे लेने नहीं आया। एक जुलाई को 10 बजे उसके पति अरविन्द ने उसके नाम से इंस्ट्राग्राम पर एक आईडी बनाकर उसकी फोटो अपलोड कर दी और जब उसे जानकारी हुयी तो उसने पति को फोन करके आईडी पर फोटो न डालने को कहा, जिस पर पति द्वारा गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसका पति आये दिन इंस्ट्राग्राम पर नई-नई आईडी बनाकर उसकी अश्लील फोटो डाल रहा है, जिससे वह परेशान और बदनाम हो रही है। पीड़िता का आरोप है कि अरविन्द के कहने पर जुगपुरा निवासी शिवम पुत्र सरदार उसे आये दिन परेशान करता है। जब उसने शिवम को मना किया तो उसने बताया कि वह अरविन्द के कहने पर यह कर रहा है। 12 जुलाई को शाम करीब 5 बजे अरविन्द ने उसे फोन करके धमकाया कि उसने शिकायत की तो उसे परिजनों के साथ मौत के घाट उतार देगा। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पूमावि झरकौन के सहायक अध्यापक पर आरोप

## ग्रामीणों ने लामबंद होकर शपथ पत्र सहित डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खण्ड बिरधा अंतर्गत ग्राम झरकौन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक के खिलाफ ग्रामीण लामबंद हो गये। ग्रामीणों ने शपथ पत्र के जरिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुये सहायक अध्यापक पर गम्भीर आरोप लगाये हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सहायक अध्यापक के अन्यत्र स्थानांतरण की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक द्वारा विद्यालय में मनमानी की जा रही है। वह बच्चों को पढ़ाते नहीं हैं। उनकी भाषा शैली और व्यवहार अनुचित है। इस संबंध में पहले भी



कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विद्यालय में अनियमितताओं और स्टाफ के बीच मनमुटाव की शिकायतों के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच टीम गठित की है। इस टीम में खंड शिक्षा अधिकारी मड़ावरा और नगर क्षेत्र ललितपुर के अधिकारी शामिल हैं। जांच टीम ने 9 जुलाई को झरकौन पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने छात्रों से पूछताछ की।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत एक दिवसीय 'कैपसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर में सम्पन्न हुआ। वर्कशॉप को लखनऊ एवं दिल्ली से आये (समाधान टीम) विशेषज्ञों के द्वारा पहले चरण में आवेदकों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं के संबंध में परिचर्चा की उसके बाद उनके द्वारा उपस्थित जन सेवा केन्द्र के संचालकों को बताया गया कि किस प्रकार एक सही आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है, जिससे कि आवेदनों का निरस्तीकरण कम से कम होगा और आवेदकों को समयान्तर्गत ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी। दूसरे सत्र में आवेदकों एवं बैंकर्स की परिचर्चा हुयी जिसमें आवेदकों की बैंकों से संबंधित समस्याओं को सुना गया एवं उनका निस्तारण भी करने की प्रक्रिया भी बतायी गयी। विशेषज्ञों द्वारा



उपस्थित भावी उद्यमियों की उद्योग स्थापना तथा संवर्धन के संबंध में सरकार द्वारा दिये जा रहे लाभ के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया गया। इस वर्कशॉप में लखनऊ एवं दिल्ली समाधान टीम के रवि कुमार गुप्ता, ए०आर० शम्स, दीपांकर चक्रवर्ती, बैंकर्स मुकेश कुमार पटेल वरिष्ठ प्रबंधक, राघवेन्द्र सिंघल वरिष्ठ प्रबंधक, राशु चौधरी शाखा प्रबन्धक, उद्योग विभाग से संजय सिंह यादव सहायक प्रबन्धक, प्रेमनारायण वरिष्ठ सहायक, सीएम युवा फैलो सुश्री मनिका जैन, रामअवतार एवं अनिल, सतीश, ऋषभ एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 303 आवेदकों की सूची नगर पालिका व नगर पंचायतों में हुई चस्पा

**ललितपुर।** जिला नगरीय विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत ललितपुर की यू.एल.बी. नगर पालिका परिषद ललितपुर, नगर पंचायत महरौनी, पाली एवं तालबेहट क्षेत्र के निवासियों को सूचित किया है कि नगर पालिका परिषद ललितपुर के 198, नगर पंचायत महरौनी के 39, नगर पंचायत पाली के 60 एवं नगर पंचायत तालबेहट के 6 जनपद ललितपुर के कुल 303 आवेदकों की सूची सम्बधित नगर पालिका/नगर पंचायत के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। जिनके नाम स्वीकृत डी.पी.आर. में शामिल थे, किन्तु माइग्रेट, पक्का मकान, संपर्क नहीं हुआ, किश्त की धनराशि वापिस कर दी एवं अन्य कारणों से प्रथम दृष्टया अपात्र हैं। आवेदक चस्पा की गयी सूची में देख लें, यदि उनका नाम अपात्रता की सूची में अंकित है एवं आवेदक स्वयं को पात्र मानते हुये लाभ चाहता है तो आवेदक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

वार्डों का निरीक्षण कर संचारी रोग नियंत्रण की व्यवस्थाएं देखी

## बैठक कर अधीनस्थों को दिये निर्देश एंटी लार्वा का कराया गया छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड नंबर 15 गांधीनगर व 17 सिविल लाईन में साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कार्य कराया गया व बारिश के चलते सड़कों पर हुए जल भराव का निस्तारण किया।

अधिशासी अधिकारी द्वारा पुराने नगर पालिका भवन में संबंधित निरीक्षकों व समस्त स्वास्थ्य नायकों के साथ बैठक आयोजित की गई। ईओ ने नगर में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्डों में अभियान चलाये जाने, जल भराव की समस्या को दूर किये जाने सहित अन्ना गौवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किये जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। बैठक में ईओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में सावन का माह चल रहा है, श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए रोजाना मंदिर जाते है, मंदिरों के आसपास व मंदिर परिसर में विशेष रूप से टीमों को लगाकर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये, मंदिर जाने वाले रास्तों पर जल भराव आदि की समस्या को तत्काल प्रभाव से निस्तारित किया जाए।

इसमें यदि कोई भी सफाई कर्मचारी या संबंधित स्वास्थ्य नायक लापरवाही करते हुए पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। संचारी रोग अभियान के दौरान वार्ड नंबर 15 गांधीनगर एवं वार्ड नंबर 17 सिविल लाइन में संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि वार्डों में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करें, वार्डों में खाली पडे प्लटों जिनमें जल भराव हो रहा है।



वार्डों में निरीक्षण करते ईओ व मौजूद अधीनस्थ

### अवैध वसूली के खिलाफ सौंपा ज्ञापन कार्यवाही की मांग

**ललितपुर।** समाजसेवी रमन सरदार ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर शिकायत की है कि नगरक्षेत्र स्थित नगर पालिका परिषद के बेसमेंट में बनी पार्किंग में अवैध वसूली की जा रही है जिसकी शिकायत पूर्व में भी पार्षद मनमोहन चौबे द्वारा की जा चुकी है लेकिन नोटिस जारी करने के अलावा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है और पार्किंग में चौपहिया वाहन पार्क करवाकर अवैध धन वसूली की जा रही है। साथ ही दो साल की समय सीमा गुजर जाने के बाद न तो ठेकेदार चतुर्भुज तिवारी परिसर में सीसीटीवी लगवाए है और न ही अग्निशमन विभाग से एनओसी ली है। जिसकी मजिस्ट्रेट जांच करवाकर ठेका निरस्त कराया जाए। इसी तरह ठेका टैक्सी स्टैंड में सिर्फ देवगढ़ रोड और चौका बाग सागर रोड का ही ठेका हुआ है लेकिन पूरे शहर में अवैध उगाई की जा रही है। साथ ही प्रति वाहन तीन रुपए शुल्क निर्धारित है बावजूद इसके दस रुपए वाहन शुल्क अवैध रूप से वसूला जा रहा है।

बजरंग सेना संगठन ने किया आयोजन

## सावन माह में शिव की आराधना से होता है जगत कल्याणः डॉक्टर पस्तोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बजरंग सेना संगठन ने सावन में परम पावन माह में भगवान नीलकंठेश्वर धाम पाली में सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से भगवान भोलेनाथ का शिवार्चन और रुद्राभिषेक किया। आचार्य सानू उपमन्यु पाठक ने विधिवत मंत्रोंआदि उच्चारण से पूजन को सम्पन्न कराया। संगठन के सभी सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ के स्वरूप को परिवार सहित निर्मित कर उन्हें विराजमान करते हुए ॐ नमः शिवाय के जाप और भजनों के साथ भगवान शिव शंकर का पूजन किया सभी पदाधिकारियों ने पूरे आनंद ओर उमंग के साथ भगवान भोलानाथ की आराधना की और समस्त संसार के प्राणियों के लिए उनकी लंबी आयु स्वस्थ प्रसन्न रहने की कामना की।

**ये लोग रहे शामिल**

इस आयोजन में राधिका तिवारी जिला प्रचारक दुर्गावाहिनी आर एस एस, श्याम बिहारी कौशिक पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर,जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी,जिला संयोजक ख़ुसाल समैया,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिभा कौशिक,जिला प्रभारी ममता तिवारी,मनविंदर कौर भाजपा नेता, राजकुमारी दुबे नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा,नीतू राजा बुंदेला नगर प्रभारी, संजय सिंह लोधी जिला संगठन महामंत्री,जिला महासचिव जयराम सेन,नगर संयोजक जितेंद्र नायक,जिला मंत्री आयुष नायक,नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा आदर्श दुबे, जिला संगठन मंत्री संजय सेन,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक, राहुल सिंह परिहार ग्राम पंचायत अध्यक्ष ऐरावनी, आदि सभी सदस्यगण मौजूद रहे..!

कैमरों की निगरानी में जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर होगी आरओ/एआरओ परीक्षा

# जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन आयोजित कराने के लिए सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा जनपद में 27 जुलाई 2025 रविवार को शहर के 11 परीक्षा केन्द्रों पर एक पाली में प्रातः 9:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक सम्पन्न की जाएगी, इस महत्वपूर्ण परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्र व्यवस्थापक व सहायक केन्द्र व्यवस्थापकों को तैनात करते हुए सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि वह अपने केन्द्रों का तत्काल भ्रमण करके परीक्षा सम्बन्धी मूलभत आवश्यकताओं का परीक्षण कर लें, परीक्षा केन्द्र के रूट का पूर्वाभ्यास कर लें तथा केन्द्रों पर परीक्षा कराये जाने के लिए आवश्यक संसाधनों यथा-फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, जनरेटर, शुद्ध पेयजल, महिला/पुरुषों हेतु पृथक-पृथक शौचालय, अभ्यर्थियों के सामान/इलेक्ट्रानिक सामान को सुरक्षित रखने के लिए 01 वैकल्पिक कक्ष की व्यवस्था, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए महिला कोष्ठक स्थापित करने, प्रत्येक कक्ष/बरामदा/अन्य आवश्यक स्थानों पर



सी०सी०टी०वी०/डी०वी०आर० की व्यवस्था, प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सुनिश्चित हो लें तथा किसी भी प्रकार की कमी होने पर उनका निराकरण करवाकर तथा केन्द्र का भली-भाँति निरीक्षण करके निरीक्षण आख्या जिला विद्यालय निरीक्षक, ललितपुर को दिनांक 24 जुलाई 2025 तक उपलब्ध करा दें। उ०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा के सम्बन्ध में निर्गत निर्देश पुस्तिका का प्रिंट निकालकर उसका स्वयं अध्ययन/मनन करके समस्त प्रारूपों को पूरित करने का अभ्यास करते हुए मा० आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार उक्त प्रतिष्ठित परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन करवाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा समय से ड्यूटी न करने पर सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व




निर्धारित कर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभ्यर्थियों को आयोग केवल ई-प्रवेश पत्र जारी करता है, अतः अभ्यर्थी अपना ई-प्रवेश पत्र लोक सेवा आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लाएंगे। अभ्यर्थी ई-प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो पहच पत्र यथा आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, डी.एल, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र आदि में से कोई एक अपने साथ अवश्य लाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय से 01 घण्टे 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र में प्रवेश बन्द कर दिया जायेगा। प्रवेश बन्द होने के उपरान्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि इसके उपरान्त किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को अपने साथ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा-कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त/इलेक्ट्रॉनिक घड़ी आदि तथा सादे कागज, कापी, किताबें, नोट्स, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री गुटखा आदि लाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थियों द्वारा अपने साथ लाई वस्तुएं यथा-कापियाँ, पुस्तकें, नोट्स, पॉलीथीन बैग, थैले, ब्रीफकेस आदि अलग कमरे में जमा करने व्यवस्था की जाए तथा सामग्री जमा करके अभ्यर्थियों को टोकेन दे दिए जाएं। उक्त सामग्री जमा करने हेतु अभ्यर्थियों से कोई धनराशि/शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट घड़ियों या संचार उपकरणों के रूप में उपयोग ाली किसी विशेष सहायक सामग्री वाली घड़ियों का उपयोग सख्त रूप से वर्जित है और अभ्यर्थियों को ऐसी घड़ियों को परीक्षा कक्षों/हॉल में ले जाने की अनुमति नहीं है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, प्रधानाचार्य जीआईसी सुरेन्द्र कुमार सहित समस्त सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।


तात्कालीन जिला शिक्षाधिकारी ने संयुक्त संचालक को भेजा था कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन

# अनुकंपा नियुक्ति से सीधे बने व्याख्याता, न पीजी और न बीएड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

व्याख्याता के रूप में शिक्षा विभाग द्वारा जब तमाम तरह के नियमों को ताख में रखकर अनुकंपा नियुक्ति की गई तो फिर उस पर सवालिया निशान उठना तो बनता है। मामला नरसिंहगढ़ सांदिपनी उच्चतर माध्यमिक विधालय के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य बीडी सक्सेना का है जिन्हें 1994 में अनुकंपा नियुक्ति देते हुए सीधे व्याख्याता बना दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि राजपतित्रत अधिकारी की पोस्ट व्याख्याता पर कम से कम पोस्टग्रेजुएट होना एवं बीएड होना जरूरी है फिर भी कैसे सीधी नियुक्ति हो गई। कई अनुभवियों ने इसे पूर्व के नियमों एवं वर्तमान नियमों में हुए बदलाव से जोड़कर भी बताया। संदेह तब बढ़ जाता है कि 20 साल बाद 2014 में जब संयुक्त संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन का बोला एवं उस प्रतिवेदन पर संज्ञान लेते हुए संचालक लोक शिक्षण को नियुक्ति को नियमानुसार न होना बताते हुए पत्र लिखा ।



### संयुक्त संचालक ने कार्यवाही के लिए लिखा था पत्र

शिकायत को आधार मानते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल ने तात्कालीन जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़ के जांच प्रतिवेदन के आधार पर व्याख्याता पद पर बीडी सक्सेना की अनुकंपा नियुक्ति को प्रथम दृष्ट्या नियमानुसार नहीं मानते हुए संचालक लोक शिक्षण को पत्र लिखा था। इसके बाद भी विभाग ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### ग्रेजुएशन की मार्कशीट भी संदेह के घेरे में

जानकार बताते हैं कि प्रभारी प्राचार्य सक्सेना की उस समय की प्रायवेट तौर पर की गई ग्रजुऐशन की मार्कशीट में कई जगह टायपिंग को लेकर संदेह हो रहा है। जैसे यूनिवर्सिटी के मोनो पर ही टायपिंग कर दी गई ऐसा कभी देखा नहीं गया। फिर इनके स्वयं के नाम में भी जिग-जेग पैटर्न दिख रहा है इसकी जांच होना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य बीडी सक्सेना से जब बात की गई तो उन्होंने नियुक्ति को नियमानुसार बताते हुए संयुक्त संचालक की जांच में भी निर्दोष साबित होने की बात कही।

### शिक्षा जगत के एक्सपर्ट बोले

व्याख्याता जैसा पद बिना पोस्टग्रेजुएशन एवं बीएड के बिना नहीं दिया जा सकता। अनुकंपा में भी ऐसा कोई सीधा प्रावधान नहीं है कि राजपत्रित अधिकारी पोस्ट पर नियुक्ति दी जाए।

**एसएन भट्ट**
शिक्षक बालिका हा से स्कूल करनवास

पीजी और बीएड होना अनिवार्य है, साथ ही व्याख्याता पद पर सीधी नियुक्ति अनुकंपा में कहीं देखने नहीं मिली।

**निसतोर तिरकी**
शिक्षक बालिका हासे स्कूल करनवास

पीजी भी सेकेण्ड क्लास में होना जरूरी है एवं बीएड की डिग्री भी। यह अपवाद ही होगा जब कोई इन सबके बिना व्याख्याता जैसे पद पर नियुक्त हो जाए।

**दिलीप शर्मा**, बीईओ ब्यावरा

# कार्यों में लापरवाही पर 3 अधिकारियों का वेतन रोका, 1 पर लगाया जुर्माना

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों में पारदर्शिता सहित कामों को अविलंब निपटाने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ई-ऑफिस व्यवस्था को प्राथमिकता एवं गंभीरता से लेकर चल रहे हैं। सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक में ई-ऑफिस व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने सुठालिया एवं जीरापुर तहसीलदार का वेतन रोकन के निर्देश प्रदान किए।

बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस व्यवस्था को गंभीरता से समझें। अब नस्तियों का संचालन मेनुअल की बजाय ई-ऑफिस से ही किया जाए। विभागीय अधिकारी ई-नस्तियों को कम्प्यूटर ऑपरेटरों के भरोसे न छोड़ें बल्कि सिस्टम को स्वयं ऑपरेट करें। टीएल बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान समग्र की शिकायतों का संतुष्टीपूर्वक निराकरण न करने पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजगढ़ एवं नरसिंहगढ़ का वेतन रोकने एवं तहसीलदार खिलचीपुर पर 5 हजार रूपये रेडक्रॉस जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। इसके साथ ही राशन दुकानों में स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए गए।

### दो अधिकारियों को नोटिस जारी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टीपरक निराकरण में लापरवाही पर डीएम नान, प्रधानमंत्री सड़क महाप्रबंधक को नोटिस जारी करने एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने पिछले सालो में पीएचई द्वारा नरसिंहगढ़ क्षेत्र में किए गए कार्यो का टीम गठित कर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारिता उपायुक्त, सीसीबी अधिकारी, डीएसओ रोस्टर बनाकर सभी राशन दुकानों का निरीक्षण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका सीएमओ को सौंपा अपना मांग पत्र

# बाड़िया गांव के घरों में नल कनेक्शन की मांग लेकर पहुंची महिलाएं



**राजगढ़।** परिसीमन प्रक्रिया के तहत राजगढ़ नगर के आसपास के कुछ गांवों को नगर पालिका परिषद के वार्डों में जोड़ लिया गया है। पंचायत क्षेत्र में नगर पालिका के वार्ड में जुड़ने के बाद बाड़िया गांव के लोगों को आस थी कि अब उन्हें सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। लेकिन, इस गांव के लोगों के घरों में आज भी नल कनेक्शन नहीं हो पाए हैं।

उल्लेखनीय है कि बाड़िया गांव को नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-1 में जोड़ा गया है। गांव स्थित पानी की टंकी से महिलाओं को पानी भरना पड़ता है। इसके साथ ही गांव की आबादी के लिहाज से यह पानी की टंकी भी छोटी पड़ रही है। इस समस्या से निजात के लिए लिए गांव की कई महिलाएं सोमवार दोपहर नगर पालिका कार्यालय पहुंची और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों को सौंपे गए मांगपत्र में उल्लेख है कि गांव में नगर पालिका की ट्यूबवेल लगी हुई है। इस ट्यूबवेल से पानी की टंकी भरी जाती है, जहां से पूरा गांव के महिलाएं पानी भरने आती हैं। लेकिन, गांव की आबादी के हिसाब से यह पानी की टंकी बहुत छोटी है। ऐसे में गांव के हर घर में नल कनेक्शन करवाने की मांग महिलाओं द्वारा की गई। नगर पालिका के जिम्मेदारों ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

# बरोड़ी चोरी का किया पर्दाफाश चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**कुरावर।** कुरावर पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए ग्राम बरोड़ी में हुई चोरी की घटना का एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान एवं वाहन सहित करीब 7.75 लाख रुपये का माल बरामद किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। सोमवार दोपहर 4 बजे थाना परिसर में विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी एवं थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। विधायक ने कहा कि इस गिरफ्तारी से आने वाले समय में क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगेगा और पुलिस टीम का मनोबल बढ़ा है। 9-10 जुलाई की रात ग्राम बरोड़ी में फरियादी किशोर नागर के सुन घर के ताले तोड़कर करीब 7 क्विंटल लहसुन, 3 क्विंटल गेहूं, तीन जलधारा मोटर, वनप्लस मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा और अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। घटना के बाद से ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

**यह हैं गिरफ्तार आरोपी:** मुजाहिद पिता बशीर खां, निवासी ग्राम इमलिया, थाना दोराहा, सीहोर, आशिक पिता हबीब खां, निवासी ग्राम अरवलिया, थाना इटखेड़ी, भोपाल । जावेद पिता वाहिद खां, निवासी ग्राम बोरसाना, थाना बैरसिया, भोपाल। आदिल पिता सादिक अली, निवासी ग्राम कारमेली, थाना शमशाबाद, विदिशा। इनसे चोरी का माल और वाहन चार पहिया व पल्सर बाइक जब्त किए गए हैं।

# दस्तक अभियानः स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगी बच्चों की जांच

## 22 जुलाई से आरंभ होकर 16 सितंबर तक चलेगा अभियान




**राजगढ़।** बच्चों में होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं कुपोषण की पहचान करने के उद्देश्य 22 जुलाई से जिले में दस्तक अभियान की शुरूआत होने जा रही है। यह अभियान आगामी 16 सितंबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल द्वारा सोमवार दोपहर एक मीडिया कार्यशाला आयोजित कर इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े, सफलता की कहानियां और जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों से भी मीडिया को अवगत कराया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि दस्तक अभियान अन्तर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें जन्म से 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया, दस्त रोग, कुपोषण, एनीमिया और अन्य सामान्य बीमारियों की पहचान करते हुए उन्हें तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों की टीकाकरण की स्थिति को भी पता किया जा रहा है।

### समुदाय में जागरुकता बढ़ाना भी अभियान का उद्धेश्य

डॉ. भकोरिया ने कहा कि अभियान के तहत बच्चों के परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही यह अभियान सिर्फ बीमार बच्चों की पहचान तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका लक्ष्य समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना भी है ताकि कोई भी बच्चा उपचार से वंचित न रह सके। इस अवसर पर डीटीओ डॉ. राजीव हरिऔध, डीसीएम सुनील वर्मा, मीडिया प्रभारी सैयद फिरोज, जय सोनी, चेतन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

प्राथमिक इलाज उपरांत बच्चों को किया रेफर

# तीन अलग-अलग हादसों में 2 बच्चों सहित युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय समीपस्थ हुए तीन अलग-अलग हादसों में 2 बच्चों सहित एक वाहन चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में घायल बच्चों के प्राथमिक उपचार उपरान्त एक को झालावाड़ वहीं दूसरे को इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पहला हादसा रविवार रात्रि करीब 10 बजे राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर हुआ। इस दुर्घटना में राजगढ़ से ब्यावरा तरफ जा रहे तूफान वाहन और सामने से आ रही कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं तूफान वाहन के चालक राहुल गुर्जर निवासी बेड़ाकापुरा को चोंट आई है। दूसरे हादसे में मोतीपुरा गांव निवासी निशा पुत्री रतन तंवर उम्र 12 वर्ष को अज्ञात बाइक सवार ने उस समय टक्कर मार दी जब वो अपनी मां के साथ खेत पर जा रही थी। घायल बालिका निशा को तुरंत अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उसे झालावाड़ रेफर किया गया है।

### स्कूल के सामने बाइक ने मारी छात्र को टक्कर

एक अन्य हादसा सोमवार दोपहर नगर के राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के सामने हुआ। इस दुर्घटना में स्कूल से निकलकर सड़क पर आए कौस्तुभ पिता भगवत जांगड़े को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कौस्तुभ को जिला अस्पताल लाया गया जहां से उसे इंदौर रेफर किया गया है।



# भोले के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**माचलपुर।** सावन माह के शुरुवात के साथ ही नगर के शिव मंदिरों में शिव भक्तों की तादाद लगातार बढ़ती जाती है। सोमवार को तो नगर के शिव मंदिरों में एक मेला सा लग जाता है। सुबह से भक्तो की पूजन दर्शन के लिए लंबी लंबी कतारें लग जाती है,जिनमे दूर दूर के श्रद्धालु भी शामिल होते है, क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुष कावड़ यात्रा लेकर आते हैं और भगवान शंकर को जल अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं।

**पुरातात्विक के साथ आध्यात्मिक रूप से भी नगर का बड़ा महत्व है!:** नगर को पुराने समय में हिमाचल नगरी भी कहा जाता था! ऐसी मान्यता है यहां माता पार्वती का मायका था और भगवान शंकर अपनी बारात यहां लेकर आए थे! जिनका विवाह के प्रतीक चिन्ह के रूप में आज भी यहां बाघा बल्डी पर सात फेरे बने हुवे है! साथ ही यहां स्वयंभू बाबा गुप्तेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है! जो नगर वा क्षेत्र के लोगो के आस्था का प्रमुख केंद्र है जिसके बारे में कहा जाता है की यह करीब साढ़े तीन सो वर्ष पुराना है!ऐसा कहा जाता है की नगर के जागीरदार ठाकुर प्रेमसिंह द्वारा जब खेत में हल चलाया जा रहा था तब हल एक जगह जाकर रुक जाता ओर टूट जाता था! एक रात स्वप्न में भगवान शंकर ने संकेत दिया की में गुप्त रूप से वहा विद्यमान हु! सवेरे ठाकुर साहब द्वारा गांव वालो के साथ मिलाकर खेत में खुदाई करवाई तो वहां एक शिवलिंग दिखा शिवलिंग को बाहर निकालने के लिए जितनी खुदाई की जाती वो उतना ही नीचे चला जाता पर शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला तब उसी जगह मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया तबी से इनका नाम गुप्तेश्वर महादेव पड़ा।

## पुलिस ने पुरानी गल्ला मंडी से 8 जुआरी किए गिरफ्तार

गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गुना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुरानी गल्ला मंडी परिसर से 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 10,700 रुपये की नकदी और ताश की एक गड्डी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, गुना पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि पुरानी गल्ला मंडी के दुकान कॉम्प्लेक्स की छत पर कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा बताई गई जगह की घेराबंदी कर छापा मारा गया, जहां 8 लोग जुआ खेलते हुए पकड़े गए। पकड़े गए आरोपियों में राशिद पुत्र अलीम कुरैशी (20) निवासी तेलघानी, अनिल पुत्र लक्ष्मीनारायण ग्वाल (23) निवासी नानाखेड़ी, श्याम पुत्र मगनदास बैरागी (46) निवासी नई सड़क, रघुनाथ पुत्र विजय अहिरवार (58) निवासी बूढ़े बालाजी, भगवानदास पुत्र बालकदास बैरागी (60) निवासी जाटपुरा, गोविंदा पुत्र गोपाल रैकवार (32) निवासी जगदीश कॉलोनी, अमित पुत्र भूरेश परोछिया (28) निवासी मातापुरा केंट, और मोनू पुत्र राजू बाल्मीकि (30) निवासी छबड़ा कॉलोनी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 10,700 रुपये की नकदी और ताश की गड्डी जब्त करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

शहर में सफाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने दी चेतावनी

# स्वच्छता में फिसड्डी आने पर नगर पालिका सीएमओ को कांग्रेसियों ने पहनाई माला

## अगले 15 दिनों में सुधार नहीं हुआ तो फिर होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विगत दिनों हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में ब्यावरा नगर पालिका समूचे जिले में सबसे निचले पायदान पर रही। अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते स्वच्छता अभियान में ब्यावर नगर परिषद ने निम्नतम प्रदर्शन करते हुए सबसे निचला पायदान हासिल किया और यहां शर्मनाक क्रम हासिल करके अधिकारियों ने अपनी आक्रमान्यता का परिचय दिया। इस बात की चर्चा नगर के हर चौक चौराहे पर एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार चल रही थी ओर यह हास्य परिहास का विषय बना हुआ था।

**फिसड्डी नगरपालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का माला पहनाकर किया स्वागत :** इसी बात को लेकर के ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा पीछे से नंबर वन आने पर नगर पालिका के सीएमओ प्रशासक एवं अन्य कर्मचारियों का विरोध रूप में माला पहनाकर सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम की विशेषता रही की कांग्रेस कार्यकर्ता एक जुलूस के रूप में बैंड बाजे के साथ में वैष्णो देवी मंदिर से चलकर मुख्य मार्ग से में मार्केट से होते हुए नगर पालिका पहुंचे और ढोल के साथ कर्मचारियों का अभिनंदन कर माला पहनाई। नगर पालिका परिसर में ही पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह द्वारा अधिकारियों को खूब खरी-कोटी सुनाई एवं कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार बंद करने की सलाह दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने नगर पालिका को चेतावनी जारी की आगामी 15 दिन में यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की तो समस्त कांग्रेस पार्टी नगर पालिका के विरोध में उग्र आंदोलन करेगी।



### कांग्रेस ने दी सफाई व्यवस्था में सुधार लाने की चेतावनी

समस्त कांग्रेस परिवार ने नगर पालिका को चेतावनी जारी की है कि अब उनकी गलतियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगले 15 दिन में सफाई व्यवस्था में सुधार लाना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 20 वर्ष की उम्र में शहीद हुआ अग्निवीर हरिओम नागर

**सारंगपुर।** सियाचिन की हड्डियां जमा देने वाली ठंड और दुर्गम



बर्फीले क्षेत्र में ड्यूटी करते हुए राजगढ़ जिले के सारंगपुर तहसील अंतर्गत टूटियाहेड़ी गांव निवासी 20 वर्षीय अग्निवीर सैनिक हरिओम नागर वीरगति को प्राप्त हो गए। बताया जा रहा है कि सियाचिन के रणक्षेत्र में बर्फ की भीषण लैंडस्लाइड की घटना में चार सैनिक बर्फ में दब गए थे, जिनमें से तीन ने शहादत दी। एक जवान की जान बचाई जा सकी। शहीद होने वालों में हरिओम नागर के अलावा एक जवान देवास जिले के निवासी हैं। शहीद हरिओम नागर की यह दुखद सूचना जैसे ही उनके पैतृक गांव टूटीयाहेड़ी और आसपास के क्षेत्रों में पहुँची, शोक की लहर छा गई। गांव में मातम पसरा है तो वहीं सोशल मीडिया पर श्भारत माता के वीर सपूतश को श्रद्धांजलियों का तांता लग गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सहित कई नेताओं ने हरिओम को श्रद्धांजलि दी।

10 दिवसीय आवासीय आचार्य

# एकल का उद्देश्य विद्यालयों को बच्चों के पास पहुंचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

एकल अभियान राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन लाने में कार्यरत है। इसका उद्देश्य शिक्षित, स्वस्थ, स्वावलंबी, जागरूक, नशामुक्त, संगठित और सुरक्षित भारत का निर्माण करना है उक्त बात मुख्य वक्ता एकल सचिव विकास जैन नखराली ने टेकरी मंदिर हॉल में पर चल रहे एकल के 10 दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग में दूसरे दिवस के सत्र में आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए कही।

इस अवसर पर भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह, एकल अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह, पप्पू सिंह बंजारा, कल्याण बंजारा, सोनू व्यास प्रद्युम्न मीणा सहित अशोकनगर, उमरी, फतेहगढ़, बदरवास, आरोन, मारकी महू एवं जामनेर सचो के संच प्रमुख एवं आचार्य उपस्थित रहे। श्री जैन ने आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज भारत को धर्मांतरण नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, गांवों से शहरों में पलायन, अशिक्षा, बीमारी, गरीबी आदि समस्याओं ने राष्ट्र को घेरा है, एकल एक प्रहरी के रूप में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कार्यरत है।

जैन ने कहा कि एकल विद्यालय की पंचमुखी शिक्षा में शिक्षा, संस्कार, आरोग्य, ग्राम विकास और स्वावलंबन शामिल हैं। यह शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, नैतिक और आध्यात्मिक पहलुओं का विकास शामिल है। एकल सचिव जैन ने कहा कि एकल का उद्देश्य ग्रामीण और जनजाति समाज के क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को विद्यालय तक नहीं जाना बल्कि विद्यालयों को बच्चों के घरों तक पहुंचकर उन्हें पंचमुखी शिक्षा से संस्कारित करने का काम एकल कर रहा हे।